CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:02 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 296 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 24 मई 2024

सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पुलिस के हत्थे चढ़ा फरार वारंटी

**हल्द्वानी।** पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कई अवैध निर्माण के चलते शहर में चर्चा में भी रहा है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की तैयारी चल रही थी। जिले में इन दिनों विभिन्न विभिन्न मामलों में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तार के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे सुभाष नगर हल्द्वानी निवासी धनंजय गिरी को पुलिस और एसओजी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

### बैंक में गिरवी रखा सोना बेचने के नाम पर गुणवत्ता छिपा लाखों की धोखाधड़ी

**रुद्रपुर।** बैंक में गिरवी रखा सोना बेचने के नाम पर गुणवत्ता छिपाकर लाखों रूपयों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कराई गई है। पुलिस के मुताबिक शान्तन रस्तोगी पुत्र संजीव रस्तोगी निवासी गली नम्बर 5 इन्द्रा कालोनी ने बताया कि उसकी मैन मार्केट मछली बाजार ट्रांजिट कैम्प में प्रियंका ज्वैलर्स नाम की दुकान है। मूथूट फीन कॉंप आवास विकास रुद्रपुर शाखा मैनेजर विवेक चौधरी ने उसे फोन कर बताया कि गजेन्द्र सिंह पुत्र कान्ता प्रसाद यादव निवासी वार्ड 3 जवाहर नगर, डौली रेंज नैनीताल ने बैंक में अपना सोना 111-8 ग्राम रखा है। जो तीन वर्ष से छुड़ा नही पा रहा है। आप खरीद लो सोने की गुणवत्ता मूथूट फीनकॉंप ब्रान्च आवास विकास रुद्रपुर द्वारा 22 कैरट बतायी गयी। दाम पूछने पर विवेक चौधरी ने बताया कि 6,51,00 रूपये देने होंगे। जिसके बाद 7 मई को ब्रान्च के मैनेजर के आग्रह पर गजेन्द्र सिंह को 3,50,000 रुपये जमा किये। 1,61,000 रूपये नकद गजेन्द्र सिंह को दिये तथा 9 मई को 1,40,000 रूपये नकद गजेन्द्र सिंह को दिये।

# चारधाम यात्रा पर केंद्र की निगरानी, गृह मंत्रालय को रोज भेजनी होगी रिपोर्ट

चमोली/देहरादून
हमारे संवाददाता

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने चारधाम यात्रा की प्रतिदिन की रिपोर्ट मांगी है। भीड़ प्रबंधन को एनडीआरएफ और आईटीबीपी मदद करेगी। मंत्रालय ने भविष्य में यात्रा प्रबंधन की रणनीति बनाने के लिए कमेटी के गठन के निर्देश भी दिए हैं। चारधाम यात्रा में लगातार सामने आ रही भीड़ प्रबंधन संबंधी शिकायतों के बीच अब केंद्र ने निगरानी शुरू कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने चारधाम यात्रा की प्रतिदिन की रिपोर्ट मांगी है। भीड़ प्रबंधन को एनडीआरएफ और आईटीबीपी मदद करेगी। मंत्रालय ने



भविष्य में यात्रा प्रबंधन की रणनीति बनाने के लिए कमेटी के गठन के निर्देश भी दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को वर्चुअल माध्यम से हुई बैठक में राज्य में चारधाम यात्रा की अद्यतन जानकारी दी। केंद्रीय गृह सचिव ने मुख्य सचिव को धामों, यात्रा मार्गों एवं ठहराव स्थलों में यात्रियों की रिपोर्ट प्रतिदिन गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने जरूरत पड़ने पर यात्रा मार्ग पर क्राउड मैनेजमेंट के लिए एनडीआरएफ और आईटीबीपी की मदद लेने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही भविष्य में चारधाम यात्रा प्रबंधन की रणनीति के लिए एक कमेटी के गठन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धरातल स्तर पर यात्रा प्रबंधन पर कड़ी निगरानी पर भी विशेष बल दिया है। मुख्य सचिव ने गृह सचिव को बताया कि राज्य में चारधाम यात्रा सफलतापूर्वक, सुरक्षित, सुगम एवं सुचारू रूप से संचालित हो रही है। बताया, सभी राज्यों विशेषकर पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र जहां से सबसे अधिक यात्री चारधाम पर आते हैं, उनके मुख्य सचिवों को पत्र और व्यक्तिगत तौर पर बातचीत कर अनुरोध किया गया कि यात्री सिर्फ रजिस्ट्रेशन के बाद ही चारधाम पर आएं। जिस तिथि का पंजीकरण हुआ है, उस तिथि पर ही चारधाम यात्रा पर आएं।

### इनकम टैक्स की 24 घंटे भी कार्रवाई जारी

# रुद्रपुर में इनकम टैक्स की कार्रवाई से व्यापारियों में रोष, दोपहर तक बाजार बंद

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

शहर में कई व्यापारियों के ऑफिस और आवास पर इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई 24 घंटे तक जारी है। वहीं दूसरी ओर इनकम टैक्स की व्यापारी उत्पीड़न के विरोध में देवभूमि व्यापार मंडल और प्रांतीय उधोग व्यापार मंडल ने संयुक्त रूप से दोपहर तक बाजार बंद करने का एलान की घोषणा की।

दोनों व्यापार मंडल की घोषणा के चलते शुक्रवार को व्यापारी मुख्य बाजार में एकत्रित हुए। व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद कर इनकम टैक्स की उत्पीड़न कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह और व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारी बाजार में भ्रमण कर इनकम टैक्स के द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में शामिल होने का आहवान किया।

दोनों अध्यक्षों ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीडन नहीं होने दिया जाएगा। जो इनकम टैक्स विभाग की व्यापारी उत्पीड़न का विरोध किया जाएगा। बताया कि दोपहर एक बजे तक बाजार बंद रखने की घोषणा की गई। साथ ही कहा कि अगर व्यापारियों का छापेमारी की आड़ में उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन बाजार बंद किया जाएगा। इस दौरान देवभूमि व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र अरोरा,किशन नारंग, सुभाष नारंग, मनोज मदान, चिराग कालड़ा,यमन बब्बर,बाबी टुटेजा, डायमंड राहुल सरीन समेत अन्य व्यापारी शामिल रहे। इधर इनकम टैक्स विभाग की छापामारी कार्रवाई जारी है।



### बाजार बंद में भाजपा- कांग्रेस के नेता भी शामिल हुए

**रुद्रपुर।** शुक्रवार को दोनों व्यापार मंडल के द्वारा बाजार बंद की घोषणा की गई। इस घोषणा में भाजपा कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इस दौरान भाजपा नेता अनिल चौहान, सुशील गाबा,सोनू अनेजा समेत कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, संदीप चीमा, मोहन खेड़ा, सुनील जडवानी आदि मौजूद रहे।

# केदारनाथ में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे सभी तीर्थयात्री

देहरादून
हमारे संवाददाता

**हड़कंप**
- सुरक्षित लैंड के बाद तीर्थ यात्रियों ने राहत की सांस ली

केदारनाथ धाम में पायलट की सूझबूझ बड़ा हादसा होने से टल गया। हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि हेलिपैड से 100 मीटर आगे पर इमरजेंसी लैंडिंग ही हुई है।

उत्तराखंड में बड़ा हादसा टल गया। केदारनाथ धाम में हेलिकॉप्टर पायलट की सूझबूझ से यह हादसा होने से बचा। केदारनाथ धाम में यात्रियों से भरे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। जानकारी मिली है कि क्रिस्टल के हेलिकॉप्टर का रूडल खराब हो गया। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई। हेलीकॉप्टर के सुरक्षित लैंड के बाद तीर्थ यात्रियों ने राहत की सांस ली। केदारनाथ में हेलिकॉप्टर सेवा हमेशा से ही जोखिमभरी रही है। बीते 11 वर्षों में केदारनाथ में 10 हादसे हो चुके हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि हेलिपैड से 100 मीटर आगे पर इमरजेंसी लैंडिंग ही हुई है।



# महिला चिकित्सक से छेड़खानी मामले की जांच करेगी एसआईटी

ऋषिकेश
हमारे संवाददाता

महिला चिकित्सक से छेड़खानी मामले में आरोपी नर्सिंग ऑफिसर के बयान आज शुक्रवार को न्यायालय में दर्ज होंगे। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को अवकाश होने के कारण आरोपी के कलमबंद (सीआरपीसी 164) के बयान नहीं हो पाए थे। एम्स में ऑपरेशन के दौरान महिला चिकित्सक से छेड़खानी मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। सीओ के निर्देशन में पुलिस से दो महिला दरोगा, एक महिला कांस्टेबल, एम्स पुलिस चौकी इंचार्ज और एम्स के विधि अधिकारी और रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि एसआईटी में शामिल होगा। पुलिस व एम्स प्रशासन की मौजूदगी में रेजीडेंट डाक्टरों के साथ हुई वार्ता में यह निर्णय लिया गया है। बता दें कि मामले की शिकायत के बाद से रेजीडेंट डॉक्टर कार्य बहिष्कार पर रहे। उनकी मांगों पर एम्स प्रशासन ने सकारात्मक आश्वासन दिया, तो बृहस्पतिवार देर शाम आंदोलन स्थगित कर दिया गया।

### ओटी दस्तावेजों में छेड़छाड़ का आरोप

आंदोलित रेजीडेंट डॉक्टरों का कहना है कि एम्स प्रशासन व पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और आरोपी को बचाने का प्रयास करने के लिए ओटी के दस्तावेजों में सहायक नर्सिंग अधिकारी ने छेड़छाड़ की है। उनका भी निलंबन किया जाए।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा सटोरिया

**हल्द्वानी।** मंगलपड़ाव चौकी पुलिस ने एक सटोरिए को सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया है। उसके पास से सट्टा पर्ची व नगदी बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

मंगलपड़ाव चौकी पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान बरेली रोड से सट्टा पर्ची व 850 रूपए की नगदी बरामद हुई है। आरोपी ने अपना नाम पंकज पन्त निवासी सत्यनारायण मन्दिर के पास भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# हाईकोर्ट स्थानांतरित संबंधी आदेश पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल से हाईकोर्ट को स्थानांतरित करने संबंधी आठ मई के हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे आ गया है।

नैनीताल से हाईकोर्ट को स्थानांतरित करने संबंधी आठ मई के हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे आ गया है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की याचिका पर जस्टिस नरसिम्हन और जस्टिस करोल की पीठ ने यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिलने के बाद सर्वोच्च न्यायालय परिसर में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत, महासचिव सुरेंद्र अधिकारी एवं अन्य अधिवक्ता में खुशी देखने को मिल रही है।



## हाईकोर्ट शिफ्टिंग स्टे पर राज्य आंदोलनकारियों ने रोक लगाने का स्वागत किया

**हल्द्वानी।** राज्य आंदोलनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के हाईकोर्ट को अन्यत्र शिफ्ट करने के आदेश पर रोक लगाने के फैसले का स्वागत किया है। राज्य आंदोलनकारी समाज संगठन के प्रदेश संयोजक हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि यह जनभावनाओं की जीत है। कुंवर ने कहा कि राज्य गठन के वक्त यह तय हो गया था कि जब तक स्थायी राजधानी नहीं बन जाती तब तक अस्थायी राजधानी देहरादून व हाईकोर्ट नैनीताल में रहेगा। ऐसे में किसी भी तरह का शिफ्टिंग न्याय संगत नहीं। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों ने पहले भी हाईकोर्ट शिफ्टिंग के खिलाफ आवाज उठाई थी, जरूरत पड़ने पर आगे भी संघर्ष किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करने वालों में राज्य आंदोलनकारी बृज मोहन सिजवाली, अनिता बर्गली, भुवन तिवारी, दीपक रौतेला, केदार पलड़िया, बालम सिंह बिष्ट, जगमोहन चिलवाल आदि शामिल हैं।

# जिले में धूमधाम से मनाया बुद्ध पूर्णिमा पर्व



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। नगर के मंदिरों में भी लोगों ने विशेष पूजा अर्चना की।

शिल्पकार सभा ने बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम का प्रारम्भ पंच मोमबत्ती प्रज्वलन कर किया गया। संचालन महामंत्री देवेन्द्र प्रकाश ने किया। वक्ताओं ने महात्मा बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महात्मा बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी जो अब नेपाल में है हुआ था। घर परिवार त्यागने के बाद वह सात वर्षों तक दुख एवं सत्य की खोज करते करते आज ही के दिन 483 ईसा पूर्व बोध गया बिहार में बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें सुजाता नाम की महिला ने खीर खिलायी थी और उन्हें यहीं ज्ञान प्राप्त हुआ था। कहा कि महात्मा बुद्ध को लाईट आफ एशिया के रूप में पूरे विश्व में जाना जाता है। महात्मा बुद्ध ने दुःख के निवारण के लिए अष्टांगिक मार्ग बताए।

वक्ताओं ने बताया बुद्ध पूर्णिमा पुरे विश्व में मनाई जाती है। सम्राट अशोक ने भी अहिंसा का मार्ग अपनाकर बौद्ध धर्म अपनाया और इसका प्रचार प्रसार किया।अंन्तत: 80 वर्ष की अवस्था में कुशीनगर उत्तर प्रदेश में बैशाख माह की पूर्णिमा के दिन देह त्याग किया था।

वक्ताओं ने बुद्ध के बताए सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने को कहा। कार्यक्रम में के.एल.आर्य, राजेन्द्र प्रसाद,संजय कुमार,बंटु आर्य,रमेश चन्द्रा, राजेन्द्र प्रसाद,विजय कुमार तथा इन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

दूसरी ओर बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर बौद्ध मंदिर में तिब्बती और भोटिया समुदाय के लोगों ने पूजा अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए। इस अवसर पर सुबह सभी लोग बुद्ध मंदिर यानी गोम्पा गए। गुरूजी लोबसंग यारफेल ने मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए और भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला तत्पश्चात सभी ने प्रशाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि आज के दिन मंदिर में पूजा करके दान धर्म किया जाता है। गरीबों को भोजन कराया जाता है। मछलियों को खरीदकर उन्हें झील में डालकर जीवनदान दिया जाता है। इस दौरान गुरूजी लोबसंग यारफेल, जमयांग, छोरप, सिरिंग, तेनजिन सहित समस्त भोटिया और तिब्बती समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

**आस्था**

- शिल्पकार सभा ने बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम का प्रारम्भ पंच मोमबत्ती प्रज्वलन कर किया
- धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए और भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला

## अतिवृष्टि से आवासीय मकानों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घुसा मलवा

**नैनीताल।** भवाली- अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-109) स्थान क्वारब तहसील कौश्यां कुटौली में बुधवार की सायं को हुई अतिवृष्टि से आवासीय मकानों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पानी व मलवा भर जाने एवं क्वारब-मौना मोटर मार्ग अवरूद्ध हो जाने के दृष्टिगत लोनिवि निर्माण खंड के कनिष्ठ अभियन्ता, विद्युत विभाग के प्रतिनिधि एवं लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रतिनिधियों के साथ एसडीएम कोश्याकुटोली विपिन पंत द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अवरूद्ध मोटर मार्ग आम जनता के लिए खुलवाये गये तथा अतिवृष्टि से प्रभावित 6 परिवारों को राज्य आपदा मोचन निधि से अहेतुक सहायता मद में पांच हजार रुपया प्रति परिवार को आर्थिक सहायता वितरित की गयी। विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि स्थान ढोकाने में 11 के वी विद्युत लाईन के ऊपर पेड़ गिर जाने से विद्युत व्यवस्था बाधित हुई थी जिसकी आपूर्ति सुचारू कर दी गयी है। उपस्थित विभागों को आपदा के दृष्टिगत सर्तक रहने हेतु निर्देशित किया गया।



# केएमवीएन कर्मचारियों ने जूस पिलाकर किया यात्रियों का स्वागत

**पिथौरागढ़/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आदि कैलाश यात्रा चतुर्थ दल के गुरुवार को पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ पहुंचने पर कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने माला पहनाकर व जूस पिलाकर यात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान यात्रियों ने पर्यटक आवास गृह परिसर में स्थित शिव मंदिर में प्रार्थना की,वहीं दिनेश गुरु रानी ने यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई व शपथ रजिस्टर भरवाया।

इस मौके पर यात्रियों को उच्च हिमालय क्षेत्र में गंदगी न करने व वहां पड़े हुए कूड़े को इकट्ठा कर लाकर उसका धारचूला में निस्तारण करने के लिए भी शपथ दिलाई। गुरु रानी द्वारा यात्रियों को 6 पौधे दिए गए जो यात्रियों के द्वारा कालापानी समेत नाभीढांग व जौलिगकौग में लगाए जाएंगे। यात्रियों ने निगम की व्यवस्थाओं की सराहना की। यात्रा दल में 31 यात्री शामिल रहे जिसमे15 महिला यात्री भी थी। यात्रा दल के कोऑर्डिनेटर योगेश सिंह गर्ब्याल रहे।यात्रा दल का स्वागत करने वालों में वेद प्रकाश, विजय, हर सिंह, शेर सिंह, नरेंद्र थापा, गोपाल, सौरव खोलिया, भगवान सिंह तथा नीरज सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

# श्री राम सेवक सभा कार्यकारिणी की बैठक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

श्री राम सेवक सभा कार्यकारिणी की गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें वर्ष -2024 के मुख्य कार्यक्रमों पर चर्चा हुई।

बैठक में तय हुआ की पंचांग के मुताबिक श्री नंदा देवी महोत्सव 2024 अबकी बार 8 सितंबर से 15 सितंबर तक तथा से श्री रामलीला महोत्सव 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा । बैठक में यह भी तय हुआ की श्री रामलीला हेतु तालीम 4 जून से शुरू की जायेगी। इच्छुक छात्र छात्राएं रामलीला के पात्र हेतु सभा से संपर्क कर सकते हैं । बैठक के पश्चात युवा सुधांशु जोशी तथा कलाकार सोनी कांडपाल की माताजी के निधन पर शोक सभा हुई तथा दो मिनट का मौन रखा गया तथा उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई।

बैठक में सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, प्रबंधक विमल चौधरी, उपसचिव राजेंद्र बिष्ट समेत राजेंद्र लाल साह, कोषाध्यक्ष विमल साह समेत घनश्याम लाल साह,चंद्र प्रकाश साह, भीम सिंह कार्की, राजेंद्र बजेठा तथा प्रो. ललित तिवारी मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### देवी मंदिर में सात दिवसीय रामकथा

**नैनीताल।** ज्योलीकोट के समीप ग्राम भल्यूटी स्थित देवी मंदिर में सात दिवसीय रामकथा में राम नाम की बयार के बीच चौथे दिवस यानी गुरुवार को श्री राम जन्म ताड़का वध तथा अहिल्या उद्धार एवम अन्य प्रसंगों के संगीतमय वाचन के बीच राम जन्म की बेहद आकर्षक प्रस्तुति में उपस्थित जन समूह भाव विभोर हो नाच उठे। इस दौरान व्यास हरिओम शास्त्री ने कहा कि राम नाम को यदि श्रद्धा और विश्वास के साथ प्रतिदिन स्मरण किया जाय तो सांसारिक जीवन सरल और सुख समृद्धि से परिपूर्ण होता है साथ ही जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्त होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। दूसरी ओर अब सात दिवसीय राम कथा का समापन 26मई (रविवार) को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों तथा प्रसाद वितरण और भंडारे के साथ होगा। आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी,सदस्य, युवाओं तथा ग्रामवासियों और महिला मण्डल द्वारा भरपूर सहयोग किया जा रहा है।

### डॉ. पूजा का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन



**नैनीताल।** लोक सेवा आयोग उत्तराखंड से गृह विज्ञान विषय में डॉ. पूजा शैलानी का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है। बता दें कि कुमाऊं स्थित नैनीताल की बहू और गढ़वाल की बेटी डॉ. पूजा शैलानी मूल रूप से चमोली जिले के पीपलकोटी स्थित सल्डा गांव की रहने वाली हैं। पूजा ने बचपन से ही बेहद संघर्षो के बीच पढ़ाई पूरी की। महज डेढ़ वर्ष की आयु में सिर से पिता का साया उठ जाने के बाद उनकी मां आशा देवी शैलानी ने उन्हें मेहनत कर पढ़ाया। इसके बाद वह केंद्रीय विवि गढ़वाल से गृह विज्ञान में शोध पूरा करने वाली पहली शोधार्थी बनी जहां उन्हें डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की गई। डॉ. पूजा वर्तमान में देहरादून स्थित एक उच्च शिक्षण संस्थान में बतौर अतिथि शिक्षक तैनात हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता सितारे शैलानी तथा माता आशा देवी शैलानी तथा भाई-बहन तथा पति अक्षय कुमार को दिया है। डॉ. पूजा के पति अक्षय कुमार भी इतिहास विषय में शोध कर रहे हैं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# 15 जून को श्री मां नयना देवी मंदिर के स्थापना दिवस पर होगा धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

प्रतिष्ठित श्री मां नयना देवी मंदिर के आगामी 15 जून (शनिवार) को होने जा रहे स्थापना दिवस को लेकर श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट की ओर से विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

इसके तहत नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ आगामी 7 जून (शुक्रवार) से किया जाएगा,जिसमें कथा व्यास पंडित मनोज कृष्ण जोशी उत्तराखंडी होंगे। इस बीच ट्रस्ट की ओर से अभी से स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों की प्राथमिकता से तैयारियां भी शुरु कर दी गई हैं।

मंदिर ट्रस्ट से मिली जानकारी के मुताबिक 7 जून (शुक्रवार) से लेकर 15 जून (शनिवार) तक हर



रोज सुबह 8 बजे से लेकर पंच देव पूजन तथा देवी पूजन होगा जबकि कथा वाचन शाम को तीन बजे से लेकर रात को आठ बजे तक होगा जबकि आरती व प्रसाद वितरण का कार्य रात को आठ बजे से शुरु होगा। इस दौरान 11 जून यानी मंगलवार को ट्रस्ट की ओर से सुंदरकांड का विशेष आयोजन किया जाएगा जो अपराह्न एक बजे से लेकर शाम को तीन बजे तक होगा। इसी क्रम में 15 जून (शनिवार) को स्थापना दिवस के विशेष मौके पर ब्रह्म मुहूर्त में श्री मां नयना देवी की पूजा के बाद सुबह 7 बजे से कुल पूजा के साथ ही देव पूजन होगा,हवन व पूर्णाहुति सुबह 11 से 12 बजे तक,कथा प्रवचन 12 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक होगा,इस दौरान व्यास पूजन, पुस्तक पूजन, कन्या पूजन तथा ब्राह्मण पूजन जैसे धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इसी क्रम में अपराह्न एक बजे से महाभंडारा होगा जबकि शाम को 5 से 7 बजे तक भजन संध्या का विशेष आयोजन होगा।

# गलती से स्कूटी ले गया पर्यटक, पुलिस ने पकड़ा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

तल्लीताल क्षेत्र से दिन दहाड़े स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद स्कूटी समेत पर्यटक को पकड़ लिया है। पूछताछ में पता लगा कि गलती से पर्यटक गलत स्कूटी ले गया।

जानकारी के मुताबिक तल्लीताल प्राथमिक पाठशाला पार्किंग के समीप गली में तल्लीताल बूचड़खाना निवासी हाजी शमशाद हुसैन ने गुरुवार को दिन में एक बजे अपनी स्कूटी खड़ी की, वह कुछ देर बाद वापस आए तो उनको उस जगह अपनी स्कूटी नहीं मिली। स्कूटी न मिलने पर उन्होंने कई लोगों से पूछताछ की साथ ही तल्लीताल थाना पुलिस को भी सूचित किया। सूचना के बाद पहुंची तल्लीताल पुलिस की ओर से मामले में छानबीन शुरू कर दी गई। पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे चैक किए। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने कुछ ही देर में चीता मोबाइल शिवराज राणा ने स्कूटी ले जाने वाले पर्यटक को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि पर्यटक मुरादाबाद से घूमने आया था उसने नैनीताल में स्कूटी किराए में ली थी, जब स्कूटी किराए में देने वाले युवक को बुलाया गया तो उसने बताया कि पर्यटक को दूसरी स्कूटी बतायी गई थी लेकिन गलती से दूसरी स्कूटी में चाबी लग जाने के चलते गलती से गलत स्कूटी पर्यटक ले गया।

मामले में तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि पर्यटक व स्कूटी स्वामी की गलती के चलते पुलिस व बुजुर्ग को फजीहत उठानी पड़ी। जिसके चलते मुरादाबाद निवासी सद्दाम व बूचडखाना निवासी सानिब के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# अभिमत

## जनता से धोखा

*लोकसभा चुनाव के दौरान सभी पार्टियों के नेताओं ने आरोप-प्रत्यारोप के माध्यम से एक-दूसरे के कपड़े फाड़कर नंगा करने जैसी स्थिति पैदा कर दी है। नेताओं के व्यक्तिगत आरोप से जनता को क्या लेना-देना है? दुनिया की सबसे बड़ी आबादी ओर सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में 140 करोड़ से अधिक लोग अनगिनत समस्याओं से जूझ रहे हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधि और सरकार से जनता को राहत मिलने की उम्मीद होती है, लेकिन उद्योगपतियों पर कीचड़ उछालने से भी नेता नहीं चूक रहे हैं। चुनाव के नाम पर जनता के साथ धोखेबाजी की जाती है। चुनाव में लाखों करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। इसका बोझ प्रत्यक्ष और परोक्ष रुप से जनता पर ही महंगाई के रूप में पड़ेगा।*

लोकसभा, विधानसभा और अन्य चुनाव में राजनीतिक दलों के घोषणापत्र, देश, प्रदेश और क्षेत्र विशेष की समस्याओं के समाधान, आर्थिक तथा नीतिगत मामलों से जनता को अवगत कराना चाहिए। लोकसभा चुनाव के दौरान सभी पार्टियों के नेताओं ने आरोप-प्रत्यारोप के माध्यम से एक-दूसरे के कपड़े फाड़कर नंगा करने जैसी स्थिति पैदा कर दी है। नेताओं के व्यक्तिगत आरोप से जनता को क्या लेना-देना है? दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में 140 करोड़ से अधिक लोग अनगिनत समस्याओं से जूझ रहे हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधि और सरकार से जनता को राहत मिलने की उम्मीद होती है, लेकिन उद्योगपतियों पर कीचड़ उछालने से भी नेता नहीं चूक रहे हैं। चुनाव के नाम पर जनता के साथ धोखेबाजी की जाती है। चुनाव में लाखों करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। इसका बोझ प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जनता पर ही महंगाई के रूप में पड़ेगा। देश में हमेशा से बेरोजगारी और महंगाई मुद्दा रहा है। इंदिरा गांधी गरीबी हटाओ के नारे पर चुनाव जीतती रहीं। गरीबी इसलिए नहीं हटाई, क्योंकि मुद्दा खत्म हो जाता। वर्ष 2014 में युवाओं को रोजगार का मुद्दा सफल हुआ और पूर्ण बहुमत से सरकार बनी, लेकिन बेरोजगारों के अच्छे दिन नहीं आये। वर्तमान में भी महंगाई और बेरोजगारी मुद्दा है। कांग्रेस का आरोप है कि देश की सम्पत्ति दो प्रतिशत अमीर लोगों के पास है। उद्योगपतियों के नाम लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी अंबानी और अडानी का नाम लेकर भाषण दे रहे हैं। उधर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा ने नस्लीय टिप्पणी करके भारत को उत्तर और दक्षिण में बांटने की नफरत पैदा कर दी। पार्टी ने पित्रोदा को हटा दिया। धर्म और जाति के नाम पर मतदाताओं का खेमों में ध्रुवीकरण पहले से ही किया जा रहा है। इसी लिए पित्रोदा ने नस्लीय टिप्पणी की। धर्म, जाति और नस्ल की बात करना घृणित है। इससे चुनाव में क्षणिक लाभ मिल सकता है, परन्तु देश को अपूर्णीय क्षति पहुंचती है। एक तरफ कहा जाता है कि भारत विविधता में एकता का प्रतीक है। विभिन्न संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, धर्मों, जातियों, भाषाओं के बावजूद भारत के लोगों में राष्ट्र के प्रति एकजुटता है। भारत के नागरिक राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं, इसलिए नेताओं को उनकी समस्याओं, नीतियों पर खुली बहस करके चुनाव जीतना चाहिए। जनप्रतिनिधि बनने पर चुनावी रंजिश के तहत दूसरी पार्टी के नेता और उसके समर्थकों के साथ बदले की भावना से काम नहीं करना चाहिए। जनहित और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर शासन का संचालन किया जाये तो देशवासियों की कायापल्ट हो सकती है।

# 15 दिनों अतिक्रमण की रिपोर्ट पेश करें: कुमाऊं आयुक्त

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत द्वारा जिले भर में हुए अतिक्रमण की रिपोर्ट 15 दिन के भीतर पेश किए जाने के निर्देश के बाद नगर पालिका परिषद एक्शन मोड में आ गयी है। गुरुवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने नगर के घोड़ा स्टैंड समेत बारापत्थर, तिब्बती बाजार तथा न्यू पालिका बाजार समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अवैध निर्माण चिन्हित कर पर्यटक स्थलों पर हुए अतिक्रमण को हटाया।

मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया निरीक्षण के दौरान न्यू पालिका बाजार और तिब्बती बाजार में दुकानों के आगे अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई की गई, जिसके बाद व्यापारियों ने अपना अतिक्रमण 24 घंटे में हटाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद पालिका की टीम बिना कार्रवाई के वापस लौट आई। इस दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने न्यू पालिका बाजार और तिब्बती बाजार के दुकान स्वामियों को निर्देश दिए कि जिन लोगो को दुकानें आवंटित हुई हैं वही अपनी दुकानों में व्यवसाय करें। अगर कोई दूसरा व्यक्ति दुकान किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर दुकान लगाता मिला तो उसके दुकान का आवंटन रद्द किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका की टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पार्किंग निर्माण और फड़ बाजार संचालित किए जाने के लिए संभावनाएं तलाशी। अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया शहर का पंत पार्क क्षेत्र नॉन वेंडिंग जोन है, जहां पर इन दिनों फड़ व्यवसाय संचालित हो रहा है जिन्हें व्यवस्थित किए जाने को लेकर हाईकोर्ट के निर्देशानुसार वेंडिंग जोन चिन्हित किया जा रहे हैं ताकि पंत पार्क क्षेत्र से फड़ व्यवसाईयों को वेंडिंग जोन में भेजा जा सके। इस दौरान शिवराज सिंह नेगी,सुनील खोलिया,हिमाँशु चंद्रा तथा कमल कटिहार समेत अन्य पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म मामले में जेल में बंद आरोपी की जमानत मंजूर

**नैनीताल।** हाई कोर्ट ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में जेल में बंद आरोपी की जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा है कि सरकारी अभियोजन की ओर से याचिकाकर्ता के विरुद्ध फॉरेंसिक, जैविक या इलेक्ट्रानिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है।

पिछले साल 29 दिसंबर को पीड़िता की शिकायत पर कमल रावत के विरुद्ध पुलिस ने धारा-354, 363, 376, 506 आइपीसी तथा पॉक्सो के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। निचली अदालत से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद रावत ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि पीड़िता ने मुकदमे में अभियोजन का समर्थन नहीं किया है। निचली कोर्ट में पीड़िता ने बयान दर्ज किया कि उसने दबाव में आरोप लगाए थे।

## स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल कैंप आयोजित




**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी में पहली बार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक मेडिकल कैंप का आयोजित किया गया।

स्पेशल ओलंपिक भारत एवं स्पेशल ओलंपिक उत्तराखंड के सहयोग से रोशनी सोसायटी जो विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिवावकों की संस्था है के द्वारा संयुक्त रूप से एचडी फाउंडेशन हल्द्वानी के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें 67 स्पेशल बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जो अपने अभिवावकों के साथ कैंप में भाग लेने हल्द्वानी सहित कुमाऊं के विभिन्न स्थानों से आये हुए थे। कैंप में उपस्थित निम्नलिखित चिकित्सकों द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ-डा. रवि अदलखा, डेंटिस्ट - डा. निधी आर्या, डेंटिस्ट- डा. प्राची मेहरा, आई स्पेशलिस्ट - डा. हरीश चंद्र (पूर्व सीएमओ), ई.एन.टी स्पेशलिस्ट - डा. प्रियांश, जरनल फीजीशियन - डॉ. शशांक अधिकारी, स्पेशल ओलंपिक उत्तराखंड से देहरादून क्षेत्रीय निदेशक डी.बी.पी.एस. रावत, उपाध्यक्ष शशि राना, खेल निदेशक जगदीश चौहान, प्रोग्राम मैनेजर अंकुर अग्रवाल ने कैंप उपस्थित रहे ।

रोशनी सोसायटी की अध्यक्ष शिवनी पाल, उपाध्यक्ष श्रीमती हेमा परगांई, योगेश गुरुरानी सहित अनेकों सदस्यों एवं अभिवावकों ने कैंप को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कृपया अपने समाचार पत्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के एक विशेष कैंप को स्थान देने की कृपा करेंगे।

# फिल्मी दुनिया

## सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर धमाल मचाएगी क्रू



*फिल्म क्रू को नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दिया गया है। अब दर्शक घर बैठे इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। 190 देशों में यह फिल्म स्ट्रीम की जा सकेगी। फिल्म की कहानी लोगों को काफी पसंद आई थी, जिसकी वजह से इसने टिकट खिड़की पर जमकर कलेक्शन किया था। करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन अभिनीत फिल्म क्रू इस साल की कामयाब फिल्मों में से एक है। राजेश ए कृष्णन के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए थे। अब रिलीज के दो महीने बाद यह फिल्म लोगों का मनोरंजन करने के लिए ओटीटी पर उपलब्ध हो चुकी है। 24 मई यानी आज से फिल्म को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। इससे पहले नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर भी एक पोस्ट के जरिए फिल्म की ओटीटी रिलीज से जुड़ी जानकारी लोगों के साथ साझा की थी। मध्य रात्रि से यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। ऐसे में जिसने भी इस फिल्म को अब तक नहीं देखा वे इसका लुत्फ अब उठा सकते हैं। यह फिल्म अब 190 में देशों में नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकेगी।*

### बॉक्स ऑफिस पर हुई जमकर कमाई

*क्रू की कहानी लोगों को काफी पसंद आई थी, जिसकी वजह से इसने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कलेक्शन किया था। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 81.7 करोड़ का कलेक्शन किया था। देश के साथ यह फिल्म विदेश में भी काफी पसंद की गई थी। फिल्म का ओवरसीज कलेक्शन 55 करोड़ रहा था। वहीं, इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन कुल 151.35 करोड़ रुपये था। क्रू के निर्माताओं ने इस फिल्म की ओटीटी रिलीज पर अपनी खुशी जाहिर की है। रिया कपूर और एकता आर कपूर ने इस फिल्म को लेकर कहा, थिएटर में सफल प्रदर्शन के बाद क्रू को नेटफ्लिक्स पर लाकर हम रोमांचित हैं। यह फिल्म ढेर सारे हास्य के से दोस्ती और धोखे पर आधारित है। यह एक ऐसी कहानी है जो आपको अपनी सीट से बांधे रखेगी।*

## नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर कार्रवाई के विरोध में पुलिस कप्तान से मिले लोग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के विभिन्न क्षेत्रों के नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर की जा रही चालानी कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को शहरवासियों ने जिले के पुलिस कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा से पुलिस लाईन स्थित उनके शिविर कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने पुलिस द्वारा की जा रही चालानी कार्रवाई से निजात दिलाने की मांग की,लोगों के मुताबिक मामले में पुलिस कप्तान मीणा ने बड़े चालानो की जांच करने के निर्देश एसपी हरिबंश सिंह को दिए हैं साथ यह आश्वासन दिया कि स्थानीय लोगों के वाहन पार्क करने को लेकर जल्द ही खाली स्थान का चयन किया जाएगा।

बता दें कि मल्लीताल के व्यापारी नेता हरीश जोशी के नेतृत्व में मिले शिष्टमंडल ने पुलिस द्वारा की जा रही चालानी कार्रवाई को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। कहा कि सडक़ किनारे सफेद पट्टी के पीछे खड़े वाहनों में पुलिस ढाई हजार रुपए का चालान कर रही है जबकि नो पार्किंग की चालानी राशि पांच सौ निर्धारित है जिसमें बहस करने की धाराएं जोडक़र दो हजार अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं जबकि ऑनलाइन चालान में वाहन स्वामी मौके पर मौजूद ही नहीं होता है। लोगों ने चालानी कार्रवाई के दौरान कोतवाल द्वारा दुर्व्यवहार करने के भी आरोप लगाए। शिष्टमंडल ने स्थानीय लोगों के पार्किंग के लिए स्थल चिन्हित होने तक चालानी कार्रवाई से राहत दिए जाने की मांग की, जिस पर पुलिस कप्तान ने आश्वाशन दिया कि जल्द ही स्थानीय लोगों के लिए पार्किंग स्थल चयनित किया जाएगा, मगर नो पार्किंग स्थल में यदि वाहन पार्क रहे तो चालान से राहत नहीं दी जाएगी। उन्होंने बड़े चालानों की जांच करने के निर्देश एसपी हरबंश सिंह को दिए। शिष्टमंडल में मनोज कुमार, राहुल कुमार, कुंदन सिंह बिष्ट, धीरू सिंह, विक्की सोनकर तथा अनिल ठाकुर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

News कॉर्नर

## 23 किलो गौमांस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** गोवंश संरक्षण स्क्वाड किच्छा की टीम ने दो गौ तस्करों को गोमांस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी कुंडा क्षेत्र के इस्लामनगर स्थित एक फैक्ट्री में गोवंश की हत्या करते थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गोवंश संरक्षण स्क्वाड किच्छा की टीम को इस्लामनगर क्षेत्र मं स्थित एक फैक्ट्री में गोमांस काटने की सूचना मिली थी जिसके बाद स्वायड की टीम सूर्या चौकी पुलिस को साथ लेकर वहां पहुंच गई और दोनों लोगों को 23 किलो गोमांस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में इबलेहसन पुत्र मेहंदी हसन और इरफान पुत्र चांद खान निवासी इस्लामनगर थाना कुंडा जिला उधम सिंह नगर शामिल हैं। पुलिस टीम में गोवंश संरक्षण स्क्वायड के प्रभारी एसआई प्रवीण सिंह, हे.कां. प्रमोद कुमार, दीवान नाथ, कां. संजय कुमार, राजकुमार के अलावा सूर्या चौकी प्रभारी एसआई मनोज सिंह धोनी व कां. कैलाश परिहार शामिल रहे।

## निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप

**हल्द्वानी।** एक युवती ने एक युवक पर उसकी निजी तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल कर उससे शादी के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संयज कालोनी मुखानी पाल में रहने वाली मानसी पाल पुत्री स्व. संजय पाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर भागलपुर बिहार में रहने वाले गौरव तिवारी पुत्र बाल किशन तिवारी से हुई। गौरव उससे शादी करने के लिए दबाव बना रहा है जबकि वह उससे शादी करने की इच्छुक नहीं है। गौरव उसकी निजी तस्वीरों को इंटरनेट पर डालने की धमकी दे रहा है।

# आठ दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

विद्या भारती उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित आठ दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुरु हो चुका है।
बता दें आगामी 28 मई तक चलने वाले इस विशेष प्रशिक्षण वर्ग में जन शिक्षा समिति के चयनित 28 आचार्य/आचार्या प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण की नवीन विधाओं से परिचित हो रहे हैं। प्रशिक्षण के तृतीय दिवस यानी गुरुवार को वंदना सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश ने नई शिक्षा नीति- 2020 के अंतर्गत



21वीं सदी के कौशल पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें डॉ0 सूर्य प्रकाश ने बताया कि वर्तमान समय में प्रत्येक शिक्षक को 21वीं सदी के सभी कौशलों से परिचित होना चाहिए, जिससे शिक्षक कक्षा में बच्चे की रुचि के अनुसार और उसके भावनाओं व कौशलों के अनुसार शिक्षण कर सके।
प्रधानाचार्य डा.सूर्य प्रकाश ने कहा कि हर बच्चे के अंदर की क्षमताओं का विकास करने में उपयोगी सिद्ध हो। उन्होंने विभिन्न क्रियाकलापों एवं प्रयोगों के माध्यम से अपना विषय बड़े रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। डॉ0 सूर्य प्रकाश ने कहा कि 21वीं सदी के कौशल सभी आचार्यों के लिए शिक्षण की एक नई तकनीक है जिनका सभी आचार्यो को गहराई से अध्ययन करना चाहिए एवं इनका प्रयोग छात्रों को सीखने व सिखाने में करना चाहिए। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य रूप से ईश्वरी,सह प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति मंगत राम सम्भाग निरीक्षक नैनीताल सम्भाग, आलम सम्भाग निरीक्षक अल्मोड़ा सम्भाग व दीवान, रामध्यान,केतनतथा विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. माधव प्रसाद त्रिपाठी एवं तकनीकी विभाग से राहुल एवं जितेन्द्र उपस्थित रहे।

# पुलिस कर्मी पर हमले में नामजद दो वर्ष से फरार दोनों वांछित गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने दो वर्ष से फरार पुलिस कर्मी पर जान लेवा हमला करने वाले दो बांछितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के मुताबिक 19 मार्च 2022 को चौकी रमपुरा में ड्यूटी में तैनात कांस्टेबल विजेंद्र शर्मा रम्पुरा में झगड़े की सूचना पर गये थे। वहां पर घात लगाकर बैठे रम्पुरा निवासी 10 से 12 लोगों ने पुलिस कर्मी विजेंद्र शर्मा पर लाठी डंडों से जान लेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। पीड़ित पुलिस कर्मी की ओर से धारा 147/148/149/ 186/ 324/332/ 333/353/336/ 504 506 आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस के मुताबिक



मुकेश उर्फ मकोड़ा,आयुष लगातार फरार चल रहे थे।

गिरफ्तारी के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने दोनों को गिरफ्तार किया है। फरार मुकेश उर्फ मकोड़ा पुत्र ओम प्रकाश निवासी वार्ड नंबर 22 रम्पुरा,आयुष पुत्र प्रमोद कुमार उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 21 रमपुरा थाना रुद्रपुर है। पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी,अमित जोशी,महेंद्र सिंह,ध्यान सिंह,जगदीश पाठक,महेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

**कार्रवाई**

- वर्ष 2022 में मारपीट की घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी पर लोगों ने हमला किया था

# ईई साहब भीषण गर्मी में पेयजल संकट से दिलाओ निजात

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर के तमाम क्षेत्रों में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहरा रहा है। राजपुरा, दमुवाढूंगा, इंदिरानगर, बनभूलपुरा, आवास विकास आदि इलाकों में पेयजलापूर्ति प्रभावित होने से लोग परेशान हैं। इस समस्या से निजात दिलाने की मांग को लेकर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया है। गांधीनगर वार्ड के निवर्तमान पार्षद रोहित कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को जल संस्थान पहुंचे लोगों ने अधिशासी अभियंता रवि लोशाली को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि भीषण गर्मी में शहर के गांधीनगर के साथ ही इंदिरानगर, बनभूलपुरा, दमुवाढूंगा आदि क्षेत्रों में बढ़ते पेयजल संकट से महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिशासी अभियंता के समक्ष मांग उठाई कि शहर भर में जहां भी पुराने ट्यूबवेल हैं उनकी फिटनेस व गुणवत्ता की जांच कराई जाए। निवर्तमान पार्षद ने चेताया कि यदि पेयजल संकट से जूझ रहे आमजन को राहत न पहुंचाई गई तो लोग आंदोलन छेड़ने को विवश होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुकुल मसीह, कुनाल कुमार, लक्की कुमार आदि शामिल थे।



# नैनी झील में मछलियों को चारा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल क्षेत्र में पुलिस की ओर से जीवनदायिनी नैनी झील में मछलियों को चारा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस की ओर से मछलियों को चारा डालने वालों के खिलाफ अब चालान किये जा रहे हैं।

बता दें कि नैनीझील में मछलियों को चारा डालना मना है, जिसके लिए नैनी झील किनारे नगर पालिका परिषद प्रशासन की ओर से चेतावनी बोर्ड लगाकर भी निर्देश लिखे गए हैं लेकिन उसके बाद भी पर्यटकों के साथ ही कई स्थानीय लोग भी नैनी झील में मछलियों को खाद्य सामग्री डाल रहे हैं जिसको रोकने के लिए अब पुलिस की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में गुरुवार को तल्लीताल क्षेत्र से नैनीझील में कई पर्यटक नैनी झील में मछलियों को ब्रेड व नमकीन डालते दिखाई दिए जिस पर पुलिस की ओर से मुनादी कर नैनी झील में खाद्य सामग्री डालने से मना किया गया लेकिन उसके बाद भी पर्यटक नहीं माने तो पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा के मुताबिक नैनी झील में खाद्य सामग्री डालते चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बताया कि नैनी झील में खाद्य सामग्री डालने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व पार्षद ने लगवाया आंखों का निशुल्क जांच शिविर कैंप

**हल्द्वानी।** नई बस्ती वार्ड नंबर 26 में आस्ताना मस्जिद के पास एक आंखों का निशुल्क जांच शिविर कैंप नसीम अहमद पूर्व पार्षद के सौजन्य से लगाया जा गया हैं जिसमें वरिष्ठ नेत्र सर्जन अंकित गुप्ता द्वारा मरीजों को देखा गया। सुबह 10 बजे से 2 बजे तक कैंप लगा जिसमें काफी लोगो ने कैंप का लाभ उठाया और दवाइया भी बाटी गई मरीजों का शुगर की जांच व ब्लड प्रेशर की जांच भी मुफ्त की गई जिन लोगो को मोतियाबिंद की शिकायत है उनका ऑपरेशन के लिए पंजीकरण किया गया जिनका ऑपरेशन कल किया जाएगा।

# पेयजल आपूर्ति को लेकर जल संस्थान अधिकारियों के साथ बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लाक के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने बुधवार को ब्लाक में चरमराती पेयजल आपूर्ति को लेकर जल निगम तथा जल संस्थान के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से दो टूक शब्दों में कहा कि ब्लाक के जिस गांव में पेयजल संकट की समस्या बढ रही है वहां पर समस्या का मौके पर जाकर समाधान करना हर अधिकारी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक के दौरान डा.बिष्ट ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अनेकों जगह श्रोतो को नहीं जोड़ा गया है उनको भी अधिकारी जल्द जोड़े। कहा कि विकास खण्ड के अन्तर्गत आई समस्याओं को शीघ्र दूर करें,कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को कार्य पूर्ण होने पर उसकी सूचना जरूर दें,ताकि उन्हें भी पता चल सके कि उनके गांव में पेयजल समस्या का समाधान हो चुका है। उन्होंने दोनों महकमों के अफसरों से विकास खंड के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति में तेजी से कार्य पूर्ण करने व जिन कार्यों में कार्य शुरू नहीं किया गया है उनमें आचार संहिता हटने के तुरंत बाद शुरु करने के निर्देश दिए। बैठक में राशन कार्ड को लेकर आ रही समस्याओ को दूर करने को उन्होंने खाद्य विभाग के अफसरों को ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने को निर्देशित किया। बैठक के बाद ब्लाक प्रमुख डा.बिष्ट ने भीमताल में न्यू मारुति स्विफ्ट हैचबेक फ र्थ को लांच किया। इस दौरान प्रधान ललित मोहन, मोहन बबियाडी, विपिन जंतवाल,प्रकाश, कमल गोस्वामी, नंदन सिंह,प्रेम मेहरा, धर्मेन्द्र शर्मा, महेश भंडारी,नवीन क्वीरा, दुर्गा दत्त, हिमांशु पंत, विनोद जोशी, गौरव पांडे, विमल, महेश्वर सिंह आधिकारी, एल डी आर्य, उत्तम नाथ गोस्वामी,मोहन राम, राजदीप वर्मा, किरन, मंदिरा बुदियाल, नेहा त्रिपाठी, संजय,विवेक पाल समेत जल संस्थान, जल निगम, समाज कल्याण, खाद्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी, ग्रामीण तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पर्यटकों को वाहन में पुलिस का हुटर और पुलिस लाइट लगाना पड़ा महंगा

**नैनीताल।** पीलीभीत के पर्यटकों को अपने वाहन में पुलिस का हुटर व पुलिस लाइट लगाना बहुत महंगा पड़ गया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने पर्यटक वाहन का तीन हजार का चालान तो काटा ही साथ ही भविष्य में ऐसा कदम न उठाने की सख्त हिदायद दी। जानकारी के मुताबिक पीलीभीत के पर्यटक गुरुवार को अपनी कार इनोवा यूपी-32एचवाई-1200 में हूटर बजाते हुए आ रहे थे जिसकी सूचना जैसे ही तल्लीताल थाने में तैनात चीता मोबाइल शिव राज सिंह राणा को मिली तो उन्होंने आनन-फानन में तल्लीताल पर कार को रुकवा लिया गया। इस दौरान राणा ने वाहन चालक रहमत हुसैन से जब पुलिस हूटर और पुलिस लाइट लगाने का कारण पूछा गया तब उसके द्वारा बताया गया यह गाड़ी चुनाव में लगी थी उसके बाद उसके द्वारा उसे उतारा ही नहीं गया। हूटर और पुलिस लाइट उतरवा कर चालक का एमवी एक्ट के अंतर्गत तल्लीताल पुलिस द्वारा तीन हजार रुपएं का चालान किया गया तथा भविष्य में ऐसा न करने की सख्त हिदायद भी दी गयी।

# शिक्षा विभाग व कुमाऊं विवि की टीमों ने मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

एजी हाईकोर्ट आफिशियल क्लब नैनीताल के तत्वावधान में नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में खेली जा रही 12वीं ज्यूडीशियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता-2024 में गुरुवार को शिक्षा विभाग तथा कुमाऊं विवि की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया।



प्रतियोगिता के तहत पहला मुकाबला शिक्षा विभाग बनाम राजकीय पॉलिटेक्निक के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर शिक्षा विभाग के खिलाडियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 2 विकेट गवाकर 191 रन बनाए। टीम के लिए पंकज गुरुरानी ने बेहतर बल्लेबाजी की बदौलत नाबाद 102 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया जबकि केडी सिंह ने 71 रन जुटए। राजकीय पॉलिटेक्निक की तरफ से अमित और संतानु ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में राजकीय पालिटेक्निक की टीम निर्धारित ओवरों में चार विकेट गवाकर 130 रन ही अर्जित कर पायी। टीम के लिए सुमित ने नाबाद 92 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिक्षा महकमें की तरफ से संजय,राजेश तथा गोविन्द ने एक-एक विकेट चटकाया। इस मैच के निणार्यक मोहित बिष्ट और श्री परिहार जबकि स्कोरर धीरज पांडे रहे। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला कुमाऊं विवि और नगर पालिका परिषद के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुमाऊं विवि के खिलाड़ियों ने निर्धारित ओवरों में 5 विकेट गवाकर 163 रन बनाए। टीम के लिए अलंकार ने सर्वाधिक 39 और बृजेश 24 रनों का योगदान दिया। नगर पालिका परिषद की ओर से सनी और गौरव ने एक-एक विकेट चटकाया। जवाब में नगर पालिका परिषद के खिलाडी निर्धारित ओवरों में 9 विकेट गवाकर 146 रन ही बना पायी। टीम के लिए सर्वाधिक रन उमेश मेहता 43 और सोनी ने 30 रन बनाए। कुमाऊं विश्वविद्यालय की तरफ से प्रदीप ने तीन जबकि गब्बर ने 2 खिलाड़ी आउट किए। इस मैच के निर्णायक धीरज पांडे और मोहित बिष्ट तथा स्कोरर अब्बास रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजक समिति के जे.के. लखेड़ा समेत रवि प्रकाश जोशी,धीरज पांडे,मोहित बिष्ट तथा गोपाल आदि खेल प्रेमी जुटे रहे।